# राजशेखर पर कार्रवाई की सिफारिश

## सेवा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा, विशेष सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सचिवालय से फाइलें चोरी होने का मामला तूल पकड़ चुका है। सतर्कता विभाग के विशेष सचिव आईवीवीजे राजशेखर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है। इस मामले में सेवा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा।

इस पत्र में उन्होंने राजशेखर के तत्काल तबादले और अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। मंत्री ने आरोप लगाया है कि विशेष सचिव अपने निजी फायदे के लिए झूठी, तुच्छ, गलत और मनगढ़ंत सूचना फैला रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने वाईवीवीजे राजशेखर के तत्काल तबादले की मांग करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिखे पत्र में राजशेखर के भ्रष्टाचार और कदाचार से


आईवीवीजे राजशेखर

जुड़ी शिकायतों के बारे में विस्तार लिखा है। आधिकारिक रिकॉर्ड और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। मंत्री ने सतर्कता विभाग में राजशेखर की मौजूदगी के चलते पड़ रहे नकारात्मक असर को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। साथ ही इनके आधार पर उनके स्थानांतरण या निष्कासन की जोर दिया है। एआईएस (आचरण) नियम-1968 के उल्लंघन की ओर इशारा करते हुए मंत्री ने राजशेखर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है, ताकि उनके अपराधों को संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, मंत्री ने सिफारिश की है कि राजशेखर से जुड़ी भ्रष्ट आचरण और कदाचार की कई शिकायतों की जांच एक एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए। आईएएस अधिकारी पर घोर अवज्ञा, अनुशासनहीन व्यवहार, भौतिक तथ्यों का मिथ्याकरण समेत अन्य गंभीर अपराध के आरोप लगे हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल को सौंपे गए नोट के मुताबिक, एक शिकायत के बाद 13 मई 2023 को वाईवीवीजे राजशेखर को दिए गए सभी कार्यों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया था। आरोप था कि वह जबरन वसूली का रैकेट चला रहे थे और प्रोटेक्शन मनी की मांग कर रहे थे। सेवा मंत्री द्वारा 13 मई 2023 को जारी एक अन्य नोट में उन्हीं निर्देशों को दोहराया गया था, जिसमें ये भी निर्देश दिया गया था कि सतर्कता विभाग के सभी सहायक निदेशक सीधे सचिव (सतर्कता) को फाइलें प्रस्तुत करें। सचिव (सतर्कता) को विशेष सचिव (सतर्कता) द्वारा रखी जा रही सभी फाइलों को कब्जे में लेने का निर्देश दिया गया था, ताकि बाद में आधिकारिक रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ या उनको नष्ट न किया जा सके।

पत्र में कहा गया है कि जैसा कि उपरोक्त आदेशों से स्पष्ट है कि किसी भी स्तर पर विशेष सचिव को मंत्री के कार्यालय में फाइलें रखने के लिए या सौंपने के कोई निर्देश जारी किए गए हों। आदेश स्पष्ट थे फाइल राजशेखर से लेकर किसी भी अन्य अफसर को दे दी जायें। इन लिखित आदेशों के बावजूद वाईवीवीजे राजशेखर ने जानबूझकर और अवैध रूप से सतर्कता विभाग से संबंधित कई फाइलों को गलत उद्देश्यों के चलते कब्जे में रख लिया।

# आबकारी मामला: अदालत की मोहलत के बाद भी पत्नी से नहीं मिल सके सिसोदिया

- अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद सीमा को अस्पताल में भर्ती
- हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिलने के बाद मिली थी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


हाईकोर्ट के आदेश बाद न्यायिक हिरासत से बाहर आते मनीष सिसोदिया।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत मिलने के बाद अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए शनिवार को तिहाड़ जेल से अपने आवास पहुंचे।

हालांकि, सिसोदिया के घर पहुंचने से पहले उनकी पत्नी सीमा की तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने बताया कि सीमा मल्टीपल स्केलेरोसिस (प्रतिरक्षा तंत्र से संबंधित रोग) से पीड़ित हैं और उन्हें पिछले महीने भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पार्टी सूत्रों ने कहा, उन्हें (सीमा को) लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया। सिसोदिया जेल वाहन में सुबह लगभग नौ बजकर 38 मिनट पर अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए एबी-17, मथुरा रोड स्थित आवास पहुंचे। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच घर के अंदर ले जाया गया। सूत्रों ने कहा, पत्नी की तबियत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जिसके कारण वह उनसे नहीं मिल सके। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आप नेता सिसोदिया को उनकी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी थी।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने तिहाड़ जेल अधीक्षक को सिसोदिया को उनके आवास पर ले जाने का निर्देश दिया था, जहां उन्हें सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दी गई है। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिसोदिया को सुरक्षा घेरे में सुबह करीब नौ बजे उनके आवास पर ले जाया गया जिन्हें शाम पांच बजे वापस जेल आना होगा। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी को आबकारी घोटाले में उनकी कथित भूमिका को लेकर गिरफ्तार किया था और वह तब से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने 30 मई को सीबीआई के मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिसोदिया को नौ मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### अदालत ने सीमा की मेडिकल रिपोर्ट मांगी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शनिवार को लोकनायक एलएनजेपी अस्पताल से आप नेता मनीष सिसोदिया की बीमार पत्नी के स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट मांगी और कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में छह सप्ताह के लिए सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया। सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा को बताया कि शुक्रवार को पारित अदालत के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को उनकी पत्नी से मिलाने के लिए ले जाया गया, लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही उनकी पत्नी की तबियत खराब हो गई, जिन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एमसीडी लगाएगी तीन बायो गैस संयंत्र

- नंगली डेयरी स्थित बायो गैस संयंत्र में परीक्षण शुरू, यमुना लैंडफिल साइटों से कचरा कम करने में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम लोगों को साफ-स्वच्छ और हराभरा वातावरण मुहैया करने के मकसद से तीन बायो गैस संयंत्र लगाएगी। इन बायो गैस संयंत्र की सहायता से राजधानी में प्रभावी डेयरी तंत्र स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिसके अनाधिकृत डेयरियों से छुटकारा मिलेगा।

इससे गोबर के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने में मदद मिलेगी जो कि पहले नालियों में बहाने के कारण उन्हें जाम कर देता था अथवा लैंडफिल साइटों पर ढेर लगा दिया जाता था। एमसीडी बायो गैस संयंत्रों की स्थापना केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा शहरी विकास फंड के अंतर्गत प्रत्येक संयंत्र को 3 करोड़ रूपये की वायबिलिटी गैप फंडिंग की सहायता से कर रहा है। दो सौ टन प्रतिदिन की क्षमता वाले बायो गैस संयंत्रों का निर्माण गोयला डेयरी, नंगली डेयरी एवं घोगा डेयरी में किया जा रहा है। बायो गैस संयंत्र के शुरू होने के बाद गोबर पानी में बह कर यमुना नदी को प्रदूषित नहीं कर पाएगा जिससे कि नदी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। बायो गैस संयंत्र की सहायता से डेयरी मालिक अपने पशुओं का गोबर बेच कर अतिरिक्त आय भी पा सकेंगे।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार, नंगली डेयरी में बनाया जा रहा बायो गैस संयंत्र 2.72 एकड़, गोयला डेयरी में निर्माणाधीन बायो गैस संयंत्र 3.26 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। तीसरा बायो गैस संयंत्र घोगा डेयरी में बनाया जा रहा है।

# महिला सहकर्मी पर हमले के बाद युवक ने लगाई फांसी

- कार्यालय में चाकू से किया वार, कर्मचारियों ने युवती को बचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बेगमपुर इलाके में एक निजी फर्म के कार्यालय में 24 वर्षीय एक युवक ने कथित तौर पर महिला सहकर्मी पर चाकू से हमला कर दिया। लोगों के बीच बचाव के से युवती को बचा लिया गया, लेकिन इस घटना के बाद युवक ने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रिठाला की रहने वाली 19 वर्षीय युवती हमले में बाल-बाल बच गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि अमित और युवती रोहिणी के सेक्टर-25 में क्रिएटिव कॉन्सेप्ट डिजाइन नामक फर्म में काम करते थे। अधिकारी ने बताया कि अमित को युवती से प्यार हो गया था। हालांकि, युवती उससे प्यार नहीं करती थी और उसे अनदेखा करती थी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार अपराह्न करीब तीन बजे रोहिणी के जेजे क्लस्टर निवासी अमित ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया, लेकिन वहां मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचा लिया।

# तेज धूप के बावजूद तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम रहा

**नई दिल्ली।** राजधानी में शनिवार को तेज धूप के बाद भी पारा सामान्य से चार डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है।

मौसम विभाग ने रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी में न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। सापेक्ष आर्द्रता 67 प्रतिशत से 38 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की है। इसने अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 37 डिग्री सेल्सियस और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना व्यक्त की है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम सात बजे 124 दर्ज किया गया।

# कालिंदी कुंज इलाके में युवक पर हमला

- बाइक सवार बदमाशों ने चलाई गोलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में दो अज्ञात लोगों ने 38 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को पीसीआर कॉल पर सूचना मिलने के बाद पुलिस जैतपुर रोड स्थित इको पार्क के पास पहुंची। लेकिन घायल व्यक्ति को पहले ही एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा चुका था। पुलिस के अनुसार मौके से एक मोटरसाइकिल और तीन खोखे मिले हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) राजेश देव ने कहा कि अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि जेजे कॉलोनी के मदनपुर खादर निवासी बबलू को रात में करीब साढ़े आठ बजे उस वक्त गोली मारी गई जब वह एनटीपीसी इको पार्क होते हुए मोलरबंद जा रहा था। अधिकारी ने पीड़ित के बयान के हवाले से बताया कि उसने इको पार्क के पास उसने पटाखे फटने जैसी आवाज सुनी। आवाज सुनकर पहले उसने सोचा कि यह उसकी मोटरसाइकिल के टायर फटने की आवाज है, लेकिन जब उसने पीछे देखा तो मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग उस पर गोलियां चला रहे थे।

इस घटना में उसका बायां घुटना और पैर जख्मी हो गया। पुलिस ने कहा कि कालिंदी कुंज थाने में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# इंस्टाग्राम पर ब्लैकमेल कर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर लोगों की निवस्त्र तस्वीरें पोस्ट करने की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठने के आरोप में युवक को शाहीन बाग इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान शाहीन बाग निवासी मोहम्मद अमन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह मामला बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद सामने आया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर वह जिस महिला के संपर्क में आया था, वह उसकी निवस्त्र तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल कर रही है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने कहा कि महिला ने उसे व्हाट्सएप के जरिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और पांच अलग-अलग लेनदेन में 21,600 रुपये वसूले।

# दिल्ली व्यवसायी का हत्यारोपी 20 साल बाद मुंबई में पकड़ा

**पीएनएस।** नई दिल्ली/मुंबई

दिल्ली के एक व्यवसायी हत्या करने के बाद 2003 से फरार आरोपी को पुलिस ने मुंबई में गिरफ्तार किया है।

सांताक्रूज थाने के अधिकारी ने बताया कि रूपेश रामनाथ राय उर्फ अतुल विजय केडिया को शुक्रवार को पड़ोसी ठाणे से मिठाई की एक दुकान से गिरफ्तार किया गया, जहां वह काम करता था। अधिकारी ने कहा कि रूपेश पर विले पार्ले स्थित एक होटल में बहस के बाद उसके दोस्त दिल्ली के कपड़ा व्यवसायी दीपक राठौड़ की हत्या करने और 1.30 लाख रुपये लेकर भागने का आरोप है। रूपेश और दीपक दिल्ली से एकसाथ मुंबई गए थे। पुलिस ने कहा कि हमारी जांच में पाया गया है कि वह गुजरात, झारखंड के रांची, दिल्ली, महाराष्ट्र और गोवा में छिपता रहा। वह रांची में एक आधार कार्ड प्राप्त करने में भी कामयाब रहा और हाल ही में पासपोर्ट के लिए उसने आवेदन किया।

एक गुप्त सूचना के आधार पर, बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी आरोपी व्यक्ति को पकड़ लिया गया। हमने उसे गिरफ्तार करने के लिए पहले भी 16 बार बिहार का दौरा किया था। वह दिल्ली में 2002 में दर्ज शस्त्र अधिनियम के एक मामले में भी वांछित है।

# सदर बाजार लूटपाट मामले महिला समेत चार गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से 13.68 लाख और लूट के रुपयों से खरीदी गई मोटरसाइकिल बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सदर बाजार में हुई 55 लाख रूपए की लूटपाट का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

इन लोगों के कब्जे से 13.68 लाख रुपये और लूट के रुपयों से खरीदी गई एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि 10 मई को सदर बाजार इलाके में कट्टा दिखाकर 55 लाख रुपये की लूट हुई थी। पीड़ित पवन वर्मा अपने साथी बालेश्वर के साथ करोल बाग इलाके से स्कूटी पर रुपये लेकर आ रहे थे, जब वे नवाब रोड सदर बाजार पहुंचे तो मोटरसाइकिल पर दो लड़के आए और दिनदहाड़े कट्टा दिखाकर उनसे रूपये लूट लिए और हवा में गोलियां चलते हुए वहां से भाग गए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। मामले की पड़ताल के लिए दो पुलिस टीम छानबीन के लिए बनाई गई। पुलिस ने टीम ने इलाके में लगे करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर एक आरोपी की पहचान मनोज चौहान के रूप में की। मामले में कार्यवाही करते हुए 19 मई को उस `गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लूट की वारदात में राकेश, संतोष उर्फ शांति उर्फ बंगालन, सयैद उर्फ सगीर, फैजल और शम्मी शामिल थे। आरोपी मनोज की निशानदेही पर पुलिस ने संतोष उर्फ शांति उर्फ बंगालन नाम की महिला की भी पहचान की, जिसे 19 मई को ही पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया था।

वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए राकेश और शम्मी नाम के दो आरोपियों को पुलिस ने 22 व 23 मई को धर दबोचा। बाद में इन लोगों के पास से 13.68 लाख रुपए एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जिस लूट के पैसों से मनोज चौहान ने खरीदा था। वहीं पुलिस आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मामले में शामिल अन्य आरोपी सैयद उर्फ सगीर और फैजल की तलाश कर रही है।

# नजफगढ़ झील में सालभर भरा रहेगा स्वच्छ पानी

- दिल्ली जल बोर्ड अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने झील का किया मुआयना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नजफगढ़ झील में सालभर भरा रहेगा साफ पानी। द्वारका इलाके में बनाई जा रही नजफगढ़ एसटीपी झील करीब 4 एकड़ में फैली है। इसके पूरा होने के बाद परिसर में मौजूद एसटीपी का साफ पानी इस झील में छोड़ा जाएगा। यह नजफगड़ द्वारका इलाके में चौथी झील बनकर तैयार हो रही है।

इसके बनने से पानी को संरक्षित कर ग्राउंड वॉटर को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी और वॉटर ट्रीटमेंट में भी फायदा होगा। दिल्ली सरकार राजधानी दिल्ली को झीलों का शहर बनाने की कोशिश कर रही है। झीलों को पुनर्जीवित कर उन्हें आकर्षक पर्यटन स्थलों में तब्दील किया जा रहा है। इसी कड़ी में जल मंत्री व दिल्ली जल बोर्ड अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को नजफगढ़ एसटीपी झील का मुआयना किया।

इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को कृत्रिम झील को उम्मीदों के अनुरूप बदलने और समय से गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही इकोलॉजिकल सिस्टम को बनाए रखने और लागत प्रभावी तरीकों के साथ ज्यादा से ज्यादा अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्च करने के लिए परियोजना को तैयार करने को कहा है। बारिश की बूंदों को सहेजने के लिए जलाशयों को जीवित करना बेहद जरूरी है।

इसके लिए भी सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार काम कर रही है। झीलों के आस-पास पर्यावरण तंत्र को जीवंत करने के लिए देसी पौधे लगाए जा रहे है। जल मंत्री ने कहा कि नजफगढ़ एसटीपी झील में लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे। यहां लोगों के टहलने के लिए वॉकिंग ट्रेक भी होगा। बर्डवॉचिंग स्पॉट और अन्य मनोरंजक गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं होगी। झील के किनारे जल्द ही ट्यूबवेल्स स्थापित किए जाएंगे, जोकि द्वारका के विभिन्न इलाकों में जलापूर्ति बढ़ाने में मदद करेंगे। झील कार्बन भंडारण के लिए एक सिंक के रूप में भी काम करेगी। पौधों और जानवरों की कई प्रजातियों के लिए आशियाना बनेगी।

### 45 दिनों में झील के भूजल स्तर में 3.24 मीटर की वृद्धि

*पप्पनकलां फेज-2 का पानी नजफगढ़ एसटीपी झील में 4 किमी लंबी एक पाइपलाइन के जरिए पंप किया जा रहा है। जोकि बीओडी 10, टीएएसएस10 और एनजीटी के पैरामीटर्स के अनुसार है। यहां झील में डेढ़ महीने पहले से ही पानी भरना शुरू किया गया है और केवल 45 दिनों में ही झील के भूजल स्तर में 3.24 मीटर की वृद्धि देखी गई है। नजफगढ़ एसटीपी झील के निर्माण के सभी कार्य पर्यावरण के अनुसार ही किए गए है। झील के निर्माण व कायाकल्प से न केवल भूजल स्तर बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र में एक इकोसिस्टम का भी निर्माण होगा। कृत्रिम झील को बनाने के पीछे का मकसद ग्राउंड-वाटर रिचार्ज करना और आसपास के इलाकों में पानी की कमी को पूरी करना है। भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए झील में पीजोमीटर लगाए जाएंगे, जो पानी का स्तर कितना है, इसकी जानकारी देते हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा की इस झील में सालभर साफ पानी भरा रहे।*

## संक्षिप्त समाचार



प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम की जानकारी देते एबीवीपी पदाधिकारी।

### अभाविप चलाएगी आनंदमय छात्र जीवन अभियान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) छात्रों की बेहतरी के लिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में आनंदमय सार्थक छात्र जीवन अभियान चलाएगा। अभाविप ने यह घोषणा शनिवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में की। इसके अलावा अभाविप ने राज्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की स्थिति में सुधार के लिए विशेष कदम उठाने और सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव शुरू कराने की मांग की। संगठन ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर को उमंगपूर्ण तरीके से मनाने निमित्त देशभर के शैक्षणिक परिसरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन की जानकारी दी। प्रेस वार्ता में अभाविप राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह, दिल्ली प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री, दिल्ली प्रदेश सह-मंत्री नैना धीमान तथा दिल्ली प्रदेश मीडिया संयोजक अंबुज मिश्र उपस्थित रहे।

### एनडीएमसी का शिकायत निवारण सुविधा शिविर



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। शिविर में जनता से 111 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं की जानकारी के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया। पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया। पालिका परिषद के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/ कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार के एजेंडे में नहीं ट्रेनों की सुरक्षा : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने ओड़िशा में हुए ट्रेन हादसे पर अपनी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों को समर्पित करते हुए केंद्र सरकार हमला किया है। आप के राज्यसभा सदस्य एवं रेलवे स्थायी कमेटी के सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने इस हादसे के लिए केंद्र सरकार की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के एजेंडे में रेलवे की सुरक्षा है ही नहीं। इसलिए सरकार का ट्रेनों की सुरक्षा के लिए तकनीकी उपायों पर कोई ध्यान नहीं है। वह सिर्फ दिखावा करके रेल चलाना चाहती है। पाठक ने कहा कि उन्होंने रेलवे कमेटी की पिछली बैठक में कहा था कि सबसे पहले ट्रेनों की सुरक्षा से संबंधित काम पूरे करवाए जाएं। अभी तक सभी ट्रेनों में एंटी कॉलिजन और एंटी डिरेलमेंट उपकरण नहीं लगाए गए हैं। बिना सुरक्षा उपकरण के रेल भगवान भरोसे चल रही है।

